मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 07 मुंबई, सोमवार, दिनांक 07 से 13 नवंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये


## कदम कदम पर कैलेण्डर 2023



### विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

A/c Name : Kadam Kadam Par

Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.

Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)

A/c No. : 60342646436

IFC Code : MAHB0000397


# महानगरों में रहना हुआ महंगा, मुंबई में औसत किराए में 29% की हुई बढ़ोतरी



**मुंबई :** पिछले साढ़े तीन सालों में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के औसत किराए में 29% तक की वृद्धि हुई है. क्रेडाई-एमसीएचआई और डेटा एनालिटिक्स कंपनी सीआरई मैट्रिक्स के एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है. सर्वेक्षण में कहा गया है कि दिसंबर 2018 की तुलना में, एमएमआर के 80 से अधिक माइक्रो-मार्केट में औसत मासिक किराया अगस्त 2022 में 4 फीसदी से 29 फीसदी के बीच बढ़ गया. एमएमआर प्रॉपर्टी रेंटल ट्रैकर रिसर्च ने मुंबई, पालघर, रायगढ़ और ठाणे में ग्रेड-ए स्ट्रक्चर्स में दो-बेडरूम अपार्टमेंट के लिए हाउसिंग रेंटल में ट्रेंड्स की जांच की, जो 7 से 8 साल से अधिक पुराने नहीं हैं.

**पिछले 2 सालों में औसत मासिक किराए में 8-18 फीसदी की वृद्धि**

सितंबर में एनारॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, 7 प्रमुख शहरों में लक्जरी आवासीय कॉलोनियों के कैपिटल वैल्यू में 2-9 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि पिछले 2 सालों में औसत मासिक किराए में 8-18 फीसदी की वृद्धि हुई. रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, एमएमआर, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के अपस्केल कॉलोनियों में लग्जरी रेजिडेंशियल प्रॉपर्टीज की मांग बढ़ी है.

**वर्ली का किराया-2 लाख प्रति माह से बढ़कर -2.35 लाख प्रति माह**

2,000 वर्ग फुट वाले लग्जरी आवासों के लिए, मुंबई के वर्ली का किराया -2 लाख प्रति माह से बढ़कर -2.35 लाख प्रति माह हो गई है. कोविड से पहले, 2 साल की लक्जरी किराए की दरों में वार्षिक वृद्धि 5-7% के बीच थी. आंकड़ों के अनुसार, जेपी नगर, बेंगलुरु में औसत मासिक किराया 2022 में 2,000 वर्ग फुट के साथ 13% बढ़कर 52,000 रुपये प्रति फ्लैट हो गया, जो 2020 में 46,000 रुपये था. हैदराबाद के हाईटेक सिटी में औसत मासिक किराया 2,000 वर्ग फुट वाले प्रत्येक फ्लैट के लिए 11 फीसदी बढ़कर 59,000 हो गया. कैपिटल प्राइस 7 फीसदी बढ़कर $6,100 प्रति वर्ग फुट हो गया.

### चेन्नई के अन्ना नगर में औसत मासिक किराया 13 फीसदी बढ़ा

**2,000 वर्ग फुट वाले प्रीमियम अपार्टमेंट के लिए, चेन्नई के अन्ना नगर में औसत मासिक किराया 56,000 रुपये से 13 फीसदी बढ़कर 63,000 रुपये हो गया.**

**कैपिटल प्राइस 11,300 रुपये प्रति वर्ग फुट से 5 फीसदी बढ़कर 11,850 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया.**

# मुंबई-ठाणे के बीच खुलेगी फिल्म सिटी

## सीएम शिंदे ने कहा- लोक कलाकारों को बड़ा मंच देने की तैयारी



*__मुंबई__ -मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के लोक कलाकारों को बड़ा मंच देने के लिए मुंबई और ठाणे शहर के बीच एक फिल्म सिटी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार कलाकारों को एक व्यापक मंच प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रही है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार मराठी रंगमंच और सिनेमा का समर्थन करेगी, इस मौके पर प्रसिद्ध मराठी रंगमंच अभिनेता प्रशांत दामले को उनके नाटक 'एक लग्नची गोश्ट' के 12,500 वें शो के लिए सम्मानित किया गया।*

# शिवसेना ठाकरे समूह ने शहर पुलिस स्टेशन में मोर्चा और धरना प्रदर्शन किया...!

**महाराष्ट्र :** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने पालक मंत्री गुलाब राव पाटील पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर सिटी पुलिस स्टेशन तक मोर्चा निकाला इस बीच महिलाओं ने मंत्री पाटिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राज्य के जल आपूर्ति और स्वच्छता मंत्री और जलगांव जिले के पालक मंत्री गुलाबराव पाटिल द्वारा आपत्तिजनक किये जाने के विरोध में रविवार 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे मोर्चा निकाला जिस्म में पुलिस को दिए गए शिकायती ज्ञापन में कहा है की शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की उपनेता सुषमा अंधारे के बारे में आपत्तिजनक बयान दिया है। जिससे समस्त महिलाओ का अपमान हुआ है, मंत्री गुलाबराव पाटिल के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग को लेकर नगर थाने पर धरना दिया। इसके बारे में



अधिक जानकारी यह है कि शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने जलगांव जिले में महा प्रबोधन यात्रा का आयोजन किया। उपनेता सुषमा अंधारे ने धरणगांव, पाचोरा, एरंडोल में जनसभाओं को सम्बोधित किया। इन जन सभाओ में अंधारे ने में मंत्री गुलाबराव पाटिल, विधायक किशोर पाटिल और विधायक चिमणराव पाटिल के निर्वाचन क्षेत्र में जमकर उद्धव ठाकरे से गद्दारी करने के आरोप लगाया कि बागी विधायक शिंदे समूह में शामिल हो गए और फिर सत्ता में लौट आए। इन आरोपों से सियासी माहौल गर्म होने के बाद मुक्ताईनगर विधायक चंद्रकांत पाटिल के निर्वाचन क्षेत्र में सुषमा अंधारे की जनसभा पर रोक लगा दी गई।

### पुलिस स्टेशन में विरोध प्रदर्शन किया गया

**इस बीच मंत्री गुलाबराव पाटिल ने सुषमा अंधारे के बारे में आपत्तिजनक बयान देकर सभी महिलाओं का अपमान किया। इस बयान के विरोध में रविवार 6 नवंबर को रात 11 बजे शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने धरना दिया। अभिभावक मंत्री गुलाबराव पाटिल के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर नगर पालिका से विरोध मार्च निकाला गया और शहर के पुलिस स्टेशन में जाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक दिलीप भागवत ने मुलाकात कर चर्चा की। इस अवसर पर महापौर जयश्रीताई महाजन, शिवसेना जिला अध्यक्ष विष्णु भंगाले, नगर प्रमुख शरद तायडे सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।**

# ब्लैकमेलिंग से त्रस्त होकर प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी



**महाराष्ट्र :** प्रेमिका ने अपने पिता के नाम पर रही संपत्ति को अपने नाम पर करने के लिए मदद करने के लिए प्रेमी पर दबाव बनाया। उसे बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी भी दी। उससे पीछा छुड़ाने के लिए युवक ने प्रेमिका की हत्या करने की नीयत से उसका अपहरण कर लिया। उसके बाद उसकी हत्या कर नदी में फेंक दी। यह घटना 3 अगस्त 2022 को हुई थी और 5 नवंबर को मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज व्यक्ति का नाम रामदास पोपट तांबे (उम्र 30, निवासी भोसरी, पुणे) है। लापता लड़की की पहचान चंद्रमा सीमांचल मुनि (उम्र 28, उड़ीसा निवासी) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस नायक लक्ष्मण दामसे ने भोसरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। चन्द्रमा ने उसके पिता के नाम पर दो घरों में से एक को उसके नाम पर करने और उनसे पैसे और आभूषण हासिल करना चाहती थी। इसके लिए उसने आरोपी के नाम का इस्तेमाल करने की कोशिश की। आरोपित इसके लिए तैयार नहीं था इसलिए उनके बीच विवाद बढ़ गया।

चन्द्रमा ने धमकी दी कि अगर आरोपी ने उसका सहयोग नहीं किया तो वह उसे यौन शोषण के मामले में फंसा देगी। उससे हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए, वह उसे मारने के इरादे से भोसरी से केलगांव ले गया। अभियोजन पक्ष में कहा गया है कि नदी तल में इसका निस्तारण किया गया। इसके बाद आरोपी ने भोसरी पुलिस स्टेशन पहुंच कर खुद पुलिस को इस पूरी घटना की जानकारी दी। अदालत ने आरोपी को पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस गुमशुदा लड़की की तलाश में जुटी है।

# संपादकीय

## बदहाली की शिक्षा

*हालात इशारा कर रहे हैं कि देश में शैक्षिक ढांचा लगातार इंडिया और भारत में तब्दील होता जाता रहा है। एक तरफ संपन्न तबके, पूंजीपतियों, नेताओं व नौकरशाहों के बच्चे महंगे स्कूलों में शिक्षित व प्रशिक्षित हो रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों की बदहाली में विस्तार जारी है। राजनीतिक भ्रष्टाचार की तपिश से भी शिक्षा की कोंपलें मुरझायी ही हैं। शिक्षा मंत्रालय की स्कूल एजुकेशन पर हालिया रिपोर्ट तो कम से कम यही बताती है। पिछले दिनों शिक्षा मंत्रालय के यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफोर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस यानी यूडीआईएसई+ की 2021-22 के लिये जारी वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े तो कम से कम यही कहते हैं। एक साल में बीस हजार स्कूलों का बंद होना गंभीर चिंता की बात है। ये वे स्कूल हैं जिनमें ज्यादातर निम्न आय वर्ग व वंचित समाज के लोग उम्मीदों से पहुंचते हैं। निस्संदेह, यह स्थिति सत्ताधीशों की लोक-कल्याणकारी दायित्वों से मुक्त होने की कहानी भी कहती है। उससे भी ज्यादा चिंता की बात यह कि इस दौरान निजी स्कूलों के एक लाख शिक्षकों ने नौकरी गंवाई है। यदि इस सर्वेक्षण के आंकड़ों को सही मान भी लिया जाये तो भी शैक्षिक जगत की गंभीर विसंगति उजागर ही होती है। निस्संदेह, कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के शैक्षिक ढांचे की चूलें हिला दी। पूरी दुनिया में गरीब तबके के करोड़ों विद्यार्थी, खासकर ज्यादातर लड़कियां फिर कभी स्कूलों का मुंह नहीं देख पाएंगी। उनके परिवारों पर महामारी के दौरान जीविका का संकट कहर बनकर बरपा है। निस्संदेह उनकी प्राथमिकता पहले रोटी रही है, शिक्षा उनके लिये गौण विषय रहा है। इस रिपोर्ट में भारतीय शैक्षिक ढांचे की हकीकत भी उजागर हुई है। रिपोर्ट बताती है कि सर्वेक्षण में शामिल देश के करीब 53 फीसदी स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं थी। वहीं 66 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट नहीं पहुंचा। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के दावे कितने खोखले रहे होंगे? इन बच्चों की पढ़ाई का महामारी काल में कितना नुकसान हुआ होगा? क्या ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से मुकाबला कर पायेंगे? रिपोर्ट के अन्य कई आंकड़े शैक्षिक जगत में विशाल खाई की असलियत उघाड़ देते हैं। रिपोर्ट बताती है कि बिहार के 89 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है। करीब 83 फीसदी स्कूलों में प्रोजेक्टर से पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। देश के 23 प्रतिशत स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। करीब 83.3 फीसदी स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। आधुनिक शिक्षा से कोसों दूर इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा, जहां दस फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं पहुंची है। वहीं करीब ढाई फीसदी स्कूलों में छात्राओं के लिये शौचालय नहीं हैं। शिक्षा की इन बुनियादी जरूरतों के बिना बच्चे किन हालात में पढ़-लिख रहे हैं और क्या पढ़-लिख रहे हैं, उसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।*

# सेंट मैरी स्कूल में छात्रों ने प्रदर्शित किए मॉडल

**गाजियाबाद।** शास्त्रीनगर स्थित सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में एजुक्बिज 2022 प्रदर्शी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीबीआई एसपी पी मुरुगन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर स्कूल द्वारा एसपी सीबीआई का बुके देकर स्वागत किया गया। स्कूली छात्रों द्वारा प्रदर्शी में विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिसका मुख्य अतिथि ने अवलोकन करते हुए छात्रों से उनके मॉडल की जानकारी भी ली। मुख्य अतिथि ने छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए उनके मॉडल की सराहना की। इस दौरान छात्रों ने पांच प्रकार की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें ट्रांसपोर्टशैन में रोड पानी हवा के जरिए किस तरह यातायात किया जाता हैं इसको प्रदर्शित किया गया।

दूसर एक्वाइट में जानवरों का रख-रखाव किस तरह किया जाता हैं इसका प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने साल के चारों मौसम को दिखाते हुए वैदर पर मॉडल बनाया और आधुनिक जीवन में मशीनों विशेषकर रोबोट का क्या उपयोग हैं इसको लेकर रोबोक्ट्स मॉडल प्रदर्शित किए। इसके अलावा देश के कल्चर को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न राज्यों कौ सांस्कृतिक झलक भी मॉडल के जरिए दिखाई गईं। स्कूल की प्रिंसीपल सिस्टर जूली ने बताया कि कोरोना काल के कारण दो साल बाद इस तरह का आयोजन हो रहा है, जिससे बच्चे भी खासे उत्साहित हैं।

इस प्रदर्शनी के जरिए बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम किया जा रहा हैं। बच्चों को किताबों में जो पढ़ाया जाता हैं उसे व्यवहार में कैसे उपयोग किया जाए इसके लिए मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इससे छात्रों को निश्चय ही कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा।







# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का नांदेड़ से महाराष्ट्र में प्रवेश, पवार होंगे शामिल

**मुंबई** -कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार सुबह तेलंगाना के कामरेड्डी जिले से आगे बढ़ी। यात्रा आज रात नांदेड़ जिले से महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी। महाराष्ट्र में यह करीब 14 दिन भ्रमण करेगी। राकांपा प्रमुख शरद पवार यात्रा में 8 नवंबर को शरीक होंगे। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे व उनके पुत्र व पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे के महाराष्ट्र में यात्रा में शरीक होने की संभावना है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में यात्रा का कामयाब बनाने के लिए जबर्दस्त तैयारियां की हैं।

कन्याकुमारी से कश्मीर तक कांग्रेस की यह यात्रा दक्षिण भारत को कवर कर चुकी है। अब तक यह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में घूम चुकी है। सोमवार सुबह तेलंगाना के कामरेड्डी से राज्य में अंतिम चरण में आगे बढ़ी। आज देर शाम को यात्रा महाराष्ट्र में नांदेड़ जिले के देगलूर के मदनूर नाका से प्रवेश करेगी।

यात्रा को महाराष्ट्र में कामयाब बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने भारी तैयारियां की हैं। आज शाम नांदेड़ जिले में पहुंचने के बाद राहुल गांधी और अन्य नेता रात करीब 10 बजे एकता मशाल यात्रा निकालेंगे। महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा कुल 381 किलोमीटर भ्रमण करेगी। यह 15 विधानसभा व 6 संसदीय क्षेत्रों से गुजरेगी।

राकांपा प्रमुख शरद पवार 8 नवंबर को यात्रा में शामिल होंगे। वे बीमार होने के कारण राहुल के साथ एक मील से कम का सफर करेंगे। उनका मुंबई के ब्रीचकैंडी अस्पताल में इलाज चल रहा है।यात्रा को देश भर के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। यह समर्थन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। महाराष्ट्र में भी राकांपा और शिवसेना (ठाकरे गुट) ने इसके महत्व को देखते हुए यात्रा में भाग लेने के लिए सहमति व्यक्त की है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने अभी तक राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने के कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, दोनों के राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने की संभावना है।





**सेन समाज के राष्ट्रीय नेते, आदर्श शिक्षक, आदर्श कुटुंब प्रमुख,मितभाषी, स्पष्ट वक्ता, सामाजिक कार्यक्रम के उत्कृष्ट निवेदक, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक बालासाहेब जी भाटिया सर इन्हें आज सभी के भावना का सम्मान करते हुए राजस्थान सेन मारू समाज ट्रस्ट मंडल 60 ए महाराष्ट्र केन्द्र कार्यालय नाशिक के कोशाद्यक्ष पद के पर निवड़ हुई बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन।।**

**अशोक पवार गोपाल** lilde
**प्रशान्त** dnode
**अध्यक्ष प्रदेश सचिव वरिष्ठ उपाध्यक्ष**
**महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।**
**सभी मान्यवर पदाधिकारी।।**




**नाशिक महाराष्ट्र निवासी, सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक, सेन मंदिर नाशिक के सभी कार्यक्रमों के आधार स्तम्भ, आदर्श कुटुंब प्रमुख, संस्कारी मातोश्री, मेरे आदरणीय जीजी, श्रीमती बेबीताई सुव्वालाल जी** tak **इन्हें सेन समाज ट्रस्ट मंडल नाशिक के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई हैं।। बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन प्रणाम।।**

**सौ लता अशोक पवार, अशोक लालचंद पवार**

**पवार परिवार खंडाला वैजापूर नगर,बीड** telhara, **मखाना परिवार रहता** Dinode **परिवार अकोला।। छापर वाल परिवार औरंगाबाद।।** tak **परिवार सोंदाना।। बानबेरू परिवार वारी।।**

**महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के सभी मान्यवर पदाधिकारी।।**

**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के सभी मान्यवर राष्ट्रीय पदाधिकारी**

**सम्मानित साथियो**

**जय नन्द**

**अत्यंत हर्ष के साथ आपको अवगत कराना है कि आपकी सामाजिक वार्षिक पत्रिका ह्ल नन्द युग ह्लअंक 7 वर्ष 2022 का समारोह पूर्वक विमोचन दि.13.11.2022 को भक्त सेन बाग (नायी बाग ट्रस्ट )कमच्छा, वाराणसी पर दिन मे 12.00बजे से आयोजित कार्यक्रम मे ए आई एम सी ई ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. रघुनाथ प्रसाद नन्द, राष्ट्रीय महासचिव मा अवधराज नन्द, राष्ट्रीय विधि सलाहकार मा. रामशील शर्मा, मा. इंद्रजीत शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष यू. पी. व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जायेगा.**

**अतः विनम्र आग्रह है कि आप अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें और इस पुनीत कार्य मे संलग्न साथियो का उत्साह वर्धन करें व उनका मनोबल बढ़ायें**

**एस के पी नन्द (प्रधान सम्पादक 'नन्द युग')**

# तुलसी विवाह पर मुफ्त गन्ना वितरण

**मुंबई** – ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस, मुलुंड कांग्रेस द्वारा तुलसी विवाह एवम भागवत एकादशी के पावन पर्व पर मुफ्त गन्ना वितरण कार्यक्रम का आयोजन वैशाली नगर, द्वारका होटेल के सामने,बी आर रोड, मुलुंड प.पर भगवान किशोर तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि केरूप में चरण सिंह सप्रा- कार्यकारी अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस, गोविंद सिंह उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ.आर. आर.सिंह, कैलाश पाटील, डॉ. सचिन सिंह, नीता जोशी,द्वारा दीप प्रज्वलित कर तुलसी पूजन किया एवम उपस्थित जन समुदाय को गन्ना वितरण किया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में अश्विनी पोचे,विट्ठल सातपुते,रईस खान,संतोष सिंह,अरविंद यादव, मनोज संसारे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजन में प्रकाश जायसवाल, निक्सन, बच्चुभाई,संदीप सिंह,कमला प्रसाद यादव, विपुल गोगरी,अल्का सावला,जिग्नेश जोशी,मीना सोलिया, सुरेखा सालुंके,वर्षा जोशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।





शिष्टाचार मुलाकात के दौरान ज्ञानेश्वर मिश्रा एस.एच.ओ. मेजा प्रयागराज के साथ राजन पांडेय व अन्य।

# प्लंबिंग का काम दिलाने के नाम पर 96 लाख की ठगी

**ठाणे :** प्लंबिंग का काम दिलाने के बहाने खारघर सेक्टर-27 में रहने वाले प्लंबर से 96 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। खारघर पुलिस ने जालसाज सचिन बिलूर नामक एक जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। नवी मुंबई के खारघर सेक्टर-27 के रंजनपाड़ा में नीतीश कुमार प्रजापति (27) अपने परिवार के साथ रहता है और प्लंबर का काम करता है। ठगी करने वाला आरोपी सचिन बिलुर खारघर सेक्टर-18 का रहने वाला है। जून 2020 में नीतीश कुमार और सचिन बिलूर दोनों काम के सिलसिले में मिले थे। इस परिचित के बाद सचिन बिलूर फोन पर नीतीश कुमार के संपर्क में रहा और उसे प्लंबिंग का काम दिलाने का लालच दिया। उसके बाद उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेज बरामद किए थे।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

कदम कदम पर

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

जे.पी.शर्मा

संपादक

छोटेलाल शर्मा

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

अनिल शर्मा

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

श्रीमती कंचन यादव

(फैजाबाद, यू.पी.)

हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)

राजन शर्मा (उप संपादक)

आर्थिक सलाहकार

सतीशचंद्र गुप्ता

पंकज (बबलू) यादव

प्रतिनिधि

अवनीश कुमार मिश्र

(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)

सौरभ उमेशप्रताप सिंह

राजेश कुमार शर्मा

साज सज्जा :

संतोष तिवारी

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

एड. बी. एम. शर्मा

एड. आर. आर. शर्मा

एड. भाष्करानंद द्विवेदी

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।



# तुलसी विवाह पर सेन समाज अहमदाबाद द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह

**तुलसी विवाह की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर सेन समाज अहमदाबाद द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 9 युगल जोड़ियों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी बनाया। सेन समाज का यह एक सराहनीय कार्य है जिसके संयोजक बधाई के पात्र हैं। इस मंगल समारोह में सम्मिलित होने के लिए सेन समाज ने कई विशिष्ट लोगों को अहमदाबाद में आमंत्रित किया। समाजसेवी, सविता रत्न श्री सुनील श्रीवास्तव जी ने मुंबई से समारोह में शिरकत की। जिस की कुछ तस्वीरें उन्होंने समूह से साझा की, सामाजिक अनुष्ठान में आए हुए विशिष्ट अतिथियों का सेन संगठन ने पारंपरिक राजस्थानी गोल साफा बांधकर उनका स्वागत किया। श्री सुनील श्रीवास्तव जी के सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें स्मृति शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित श्री सुनील श्रीवास्तव जी हमारे समूह के सदस्य भी हैं। हम उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं देते हुए हम उनसे यही कामना करते हैं कि आपकी सामाजिक सरोकार यात्रा निरंतर लोगों को लाभ पहुंचाती रहे।**

# मशीन बेचने के नाम पर 4.35 लाख की ठगी, मुंबई में पकड़ाया आरोपी

**मुंबई** – पॉलीथीन मेकिंग मशीन बेचने के नाम पर चार लाख 35 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी जोसेफ जॉन डीसोजा(48) निवासी नागसेन कॉलोनी उल्हासनगर (महाराष्ट्र) को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया। डौंडीलोहारा थाने में यह मामला आने के बाद अपराध दर्ज कर साइबर सेल एवं डौंडीलोहारा से विशेष टीम गठित कर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने आरोपी को गिरफ्तार करने मुंबई रवाना किया था। प्रार्थी किशन साहू निवासी प्रेमनगर डौंडीलोहारा ने 29 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी ने पॉलीथीन मेकिंग मशीन बिक्री करने के नाम से कुल 4 लाख 35 हजार रुपए ठगी किया है।

# 6 नवंबर 2022 को एड. बी.एम. शर्मा के निवास स्थान पर समाज की बैठक संपन्न







सविता समाज संस्था की तरफ से दीपावली स्नेह सम्मेलन दिनांक 12.11.2022 शनिवार कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकारिणी की मीटिंग जिसमें सभी न्यासी मंडल पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. नोटरी श्री. बी एम शर्मा वकील साहब के निवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया था.



नाशिक सेन महाराज मन्दिर में नाशिक सेन महिला मंडल व ट्रस्ट मंडल के आंनकुट कार्यक्रम में सेन महाराज का आशीर्वाद लेते हुए जेष्ठ मार्गदर्शक बालासाहेब भाटी, चंद्रकांत निर्वाण, जिवन टोक्सिया, विलास निर्वाण, मुरलीधर phulbhati नरेन्द्र रेनीवेल, सेनभक्त, अशोक पवार आदी मान्यवर।।



लोनार निवासी स्वर्गीय रतन लाल जी मंडोरा इन की पगड़ी रस्म में बनभैरू परिवार लोनार द्वारा नारायणी सेना प्रदेश अध्यक्ष shri Ashokji pawar और नारायण सेना राजस्थान प्रदेश प्रभारी lilade का शाल व श्रीफल देकर सत्कार किया गयf banbheru परिवार ५ लोनार सेन समाज के हम आभारी हैं.

# शिवसेना की शाखा पर चला प्रशासन का बुलडोजर!

## सुभाष भोईर बोले- शिंदे गुट जान-बूझकर परेशान कर रहा है...



**ठाणे :** शिवसेना में एकनाथ शिंदे के बगावत के बाद 40 विधायक और सांसद भी उनके साथ गए। इससे राज्य में शिवसेना में बड़ा बंटवारा हो गया। लेकिन इसके बावजूद दोनों गुटों के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिवा परिसर में शिवसेना शाखा पर महानगरपालिका प्रशासन द्वारा तोड़क कार्रवाई किये जाने को लेकर पूर्व विधायक सुभाष भोईर ने शिंदे गुट पर निशाना साधा है और इसे काला दिन करार दिया। कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दहिसर गांव में शिवसेना की पुरानी शाखा को प्रशासन ने अवैध बताते हुए गुरुवार को बुलडोजर चल दिया। जिससे ठाकरे गुट के शिवसेना कार्यकताओं ने इस पर नाराजगी जताई है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के कार्यकताओं का कहना है कि हमारी शाखा पिछले 40 साल से सर्वे नंबर 63 में है। इसके तहत केंद्र सरकार का डाकघर था। बगल में ग्राम पंचायत कार्यालय और उसके ऊपर सरपंच कार्यालय है। फिर भी शिवसेना की ही शाखा तोड़ी गई। यह एक प्रकार से राजनीति से प्रेरित है। शिवसैनिकों का कहना है कि उस समय वे शिवसैनिक थे और अब शिवसैनिक नहीं, यह राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।

पूर्व विधायक और ठाकरे गुट के जिला संपर्क प्रमुख सुभाष भोईर ने शिंदे गुट पर हमला बोला है। भोईर का कहना है कि शिवसेना कार्यकताओं ने शाखा प्रमुखों ने इन शाखाओं की स्थापना की थी। इन सभी शाखाओं को उनके द्वारा तब आधिकारिक माना जाता था जब वे मूल शिवसेना में थे और इसी शाखा में बैठकर आम कार्यकर्ता से मंत्री और मुख्यमंत्री बने और बेटे को सांसद बनाए और आज उन्हें आज यह शाखा अनौपचारिक लग गया। मुझे लगता है कि यह एक तरह की राजनीति है।

# भाजपा और शिंदे गुट के करीब आ रहे राज ठाकरे...!

## कई मौकों पर मिले संकेत, क्या बदलेगी राज्य की राजनीति?



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में बदलते राजनीतिक समीकरणों के साथ राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की नजदीकियां भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की ओर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। तीनों दलों के नेता कई मौकों पर एक दूसरे का समर्थन करते दिखें हैं। वहीं मुंबई निकाय चुनावों से पहले तीनों नेताओं की नजदीकियों को एक बड़ी रणनीति के तौर पर देखी जा रही है। वहीं उद्धव गुट वाली शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के महाविकास अघाड़ी को कड़ी टक्कर देने के लिए भाजपा भी मनसे को अपने करीब लाना चाहती है। कुछ ऐसे मौके भी आए जब तीनों नेताओं को एक मंच पर देखा गया। पिछले महीने, राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उनसे शिवसेना के दिवंगत विधायक रमेश लटके की पत्नी के पक्ष में अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव से भाजपा के उम्मीदवार को वापस लेने का आग्रह किया गया था। भाजपा ने बाद में अपने उम्मीदवार को वापस ले लिया था, जिसके लिए राज ठाकरे ने फडणवीस को धन्यवाद दिया था।

### राज ठाकरे ने पत्र लिखकर फडणवीस को वफादार बताया था

**महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद, भाजपा और शिंदे गुट के नेताओं ने राज ठाकरे से अलग-अलग मौकों पर मुलाकात की। शिंदे और फडणवीस दोनों ने मनसे प्रमुख से अलग-अलग मुलाकात भी की थी। राज ठाकरे ने फडणवीस को एक पत्र भी लिखा, जिसमें उन्होंने राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करके अपनी पार्टी के प्रति वफादारी और प्रतिबद्धता की मिसाल कायम करने के लिए उनकी सराहना की।**

### दिवाली की पूर्व संध्या पर तीनों नेताओं की मुलाकात...!

**बता दें कि दिवाली की पूर्व संध्या पर राज ठाकरे की पार्टी मनसे के दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पहुंचे थे जिसके बाद से ही सियासी अटकलें और तेज हो गईं। तीनों एक साथ मनसे प्रमुख के आवास से शिवाजी पार्क में कार्यक्रम स्थल पर गए थे।**

# उद्धव गुट की ऋतुजा लटके मुंबई के अंधेरी ईस्ट से जीतीं

### दूसरे नंबर पर रहा नोटा...!

**मुंबई :** मुंबई की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की ऋतुजा लटके ने जीत हासिल की है। उन्होंने भारी मतों से जीत दर्ज की है। ऋतुजा लटके को कुल 66 हजार 247 वोट पड़े। हालांकि, सबसे दिलचस्प बात ये है कि दूसरे नंबर पर नोटा को वोट पड़े, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। नोटा के नाम पर 12 हजार 776 वोट पड़े, जिससे छह अन्य निर्दलीय उम्मीदवार बहुत पीछे रह गए। तीसरे नंबर पर निर्दलीय राजेश त्रिपाठी रहे। उन्हें 1 हजार 569 वोट मिले हैं। मुंबई महानगरपालिका चुनाव से पहले यह जीत ठाकरे गुट के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। इसकी बड़ी वजह यह है कि शिवसेना में टूट के बाद शिवसेना का नाम और इसका चुनाव चिन्ह धनुषबाण चला गया था। उद्धव ठाकरे के गुट का नाम शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे रखा गया और नया चुनाव चिन्ह मशाल था। कम समय में एक नए चुनाव चिन्ह के साथ ठाकरे गुट ने यह चुनाव जीत लिया है।



**बीजेपी ने अपने उम्मीदवार की अर्जी वापस ली थी**

हालांकि, बीजेपी के चुनावी दौड़ से अपने उम्मीदवार का नाम वापस लेने से यह चुनाव महज औपचारिकता भर रह गया था। बीजेपी ने दिवंगत विधायक रमेश लटके की विधवा ऋतुजा लटके के समर्थन में अपने उम्मीदवार की अर्जी वापस ले ली थी। वहीं, शिंदे गुट ने पहले ही बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में अपने उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया था। शिवसेना के रमेश लटके ने अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट का दो बार प्रतिनिधित्व किया था। साल 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना ने 56 सीट पर जीत हासिल की थी। इस साल मई में रमेश लटके के निधन के कारण यह संख्या घटकर 55 रह गई थी।

### शिवसेना में टूट के बाद यह पहला चुनावी मुकाबला

**गौरतलब है कि जून में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 40 शिवसेना विधायकों ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे बीजेपी के साथ गठबंधन में मुख्यमंत्री बने। एमवीए सरकार के गिरने के बाद महाराष्ट्र में यह पहला चुनावी मुकाबला है। एमवीए के घटक दल-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस, दोनों ने ऋतुजा लटके की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।**

# दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली, कई इलाकों में एक्यूआई 500 पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में धुंध छाई हुई है। साथ ही हवा की गुणवत्ता में गिरावट लगातार जारी है। शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 431 दर्ज किया गया। हवा की यह गुणवत्ता की 'गंभीर' श्रेणी है। नोएडा (उत्तर प्रदेश ) का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में 529, गुरुग्राम (हरियाणा) में 'गंभीर' श्रेणी में 478 और धीरपुर (दिल्ली) के पास 'गंभीर' श्रेणी में 534 दर्ज किया गया है। पंजाब और हरियाणा में जलने वाली पराली का असर उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख शहरों में भी दिखने लगा है। यहां की हवा भी बहुत खराब श्रेणी में पहुंच रही है। इससे पहले शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन वायु गुणवत्ता के लिहाज से दिल्ली एनसीआर रेड जोन में रहा। सभी जगहों का एक्यूआई 400 के ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में ही रहा। फरीदाबाद के सेक्टर-11 और 16 में तो यह 500 तक चला गया। दिल्ली के बवाना इलाके में यह 498 तक चला गया। सफर इंडिया का पूर्वानुमान है कि हवा की दिशा बदलने से शनिवार से प्रदूषण का स्तर थोड़ा नीचे आना शुरू हो जाएगा और यह बहुत खराब श्रेणी में पहुंच सकता है। उल्लेखनीय है कि वायु प्रदूषण के गंभीर श्रेणी में पहुंचने और ग्रेप का चौथा चरण लागू होने के साथ ही राजधानी दिल्ली में कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके तहत पांच से आठ नवंबर तक प्राइमरी स्कूल बंद रहेंगे। पांचवीं से ऊपर की कक्षाओं की आउटडोर एक्टिविटी बंद रहेंगी। दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत क्षमता से खुलेंगे और 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्राम होम करेंगे। आवश्यक सेवाओं से जुड़े ट्रकों को छोड़कर दिल्ली में अन्य डीजल ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल के हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) भी शनिवार से अगले आदेश तक नहीं चल पाएंगे। यानी एक अप्रैल, 2010 से पहले के पेट्रोल वाहन और एक अप्रैल, 2020 से पहले के पंजीकृत डीजल वाहनों पर रोक रहेगी।

# आजाद भारत के पहले मतदाता श्याम नेगी का निधन, जाते-जाते भी हिमाचल चुनाव में कर गए वोटिंग

**शिमला।** भारत के पहले मतदाता होने का गौरव रखने वाले किन्नौर के श्याम सरन नेगी का निधन हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि मौत से दो दिन दिन पहले वह हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करके गए। उनका वोट लेने के लिए चुनाव आयोग की ओर से खास इंतजाम किए गए थे। उन्हें लाल कालीन पर लाया गया था और पूरे सम्मान के साथ वोट लिया गया था। बुजुर्ग होने के चलते मतदान टीम उनके घर पहुंची थी और पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान की तारीख से पहले ही वोट लिया था। श्याम सरन नेगी ने देश के पहले आम चुनाव में पहला वोट डाला था और तब से वह कभी भी वोट डालने का मौका नहीं चूके थे। श्याम सरन नेगी की उम्र 106 साल थी और वह कभी मतदान का मौका नहीं चूकते थे। 2 नवंबर को ही श्याम सरन नेगी ने हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए मतदान किया था। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।



किन्नौर के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर आबिद हुसैन ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से श्याम सरन नेगी के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। उन्हें पूरे सम्मान के साथ विदाई दी जाएगी और इसके लिए बैंड का भी इंतजाम किया गया है। श्याम सरन नेगी का जन्म 1 जुलाई, 1917 को हुआ था। वह किन्नौर के ही कल्पा में अध्यापक के तौर पर कार्यरत थे।

**श्याम नेगी को कैसे मिला देश के पहले वोटर का दर्जा**

भारत में ब्रिटिश शासन की समाप्ति के बाद जब 1951 में पहली बार आम चुनाव कराए गए थे तो श्याम सरन नेगी पहले शख्स थे, जिन्होंने मतदान किया था। वह 25 अक्टूबर, 1951 को लाइन में लगकर मतदान करने वाले पहले शख्स थे। तब आम चुनाव फरवरी 1952 में हुए थे, लेकिन हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते 5 महीने पहले ही मतदान करा लिया गया था।

इसकी वजह यह थी कि फरवरी में हिमाचल में बड़े पैमाने पर बर्फबारी होती रही है और उसके चलते मतदाताओं का पोलिंग स्टेशन पहुंचना मुश्किल होता। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में इस बार भी बर्फबारी के चलते पहले ही चुनाव कराए जा रहे हैं, जबकि गुजरात में दिसंबर में मतदान होना है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि फिल्म सनम रे में भी श्याम सरन नेगी को दिखाया गया है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं. १३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com